# दिनांक 21.09.2013 को विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में भू-गर्भ जल एवं झालको से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही

1. बैठक की उपस्थिति संलग्न है।

2. भू–गर्भ जल

प्रमंडलवार नई योजनाओं की भौतिक/वितीय प्रगति निम्नवत् है–

रेनवाटर हार्भेस्टिंग :–

(राशि लाख रू॰ में)

| क्र० | भू–गर्भ जल सर्वेक्षण प्रमंडल का नाम | कुल रिचार्ज पिट की संख्या | कुल प्राक्कलित राशि | वर्ष 2013–14 में निर्गत आवंटन | वर्ष 2013–14 में निर्गत आवंटन के विरूद्व व्यय | अभि० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राँची | 15 | 23.39 | 16.00 | – | भू–गर्भ जल सर्वेक्षण प्रमंडल राँची अंतर्गत 8 अदद् Recharge Pits के निर्माण का कार्य स्थगित, राँची, दुमका एंव हजारीबाग प्रमंडल के शेष कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया 10 अक्टूबर 2013 तक पूर्ण करने का निदेश। |
| 2. | दुमका | 15 | 11.70 | 5.00 | – | |
| 3. | हजारीबाग | 15 | 11.40 | 8.00 | – | |
| | **योग** | **45** | **46.49** | **29.00** | – | |

3. निदेशक, कार्य की प्रगति अत्यन्त ही असंतोषजनक है। वास्तव में वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में लगभग 5–6 महिनों में कोई कार्य नहीं किया गया है। भू–गर्भ जल द्वारा बताया गया कि प्रचार प्रसार हेतु Animated film बनाया जा रहा है। अक्टूबर 2013 तक Animated film बनाकर समर्पित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–निदेशक, भू–गर्भ जल निदेशालय, राँची)**

4. भू–गर्भ जल स्तर मापी के संबंध में भू–गर्भ जल के विभिन्न प्रमंडलो द्वारा प्री–मॉनसून डाटा, Observation well के Latitude एवं Longitude के साथ विभाग को Soft Copy (CD) में निदेशक भू–गर्भ जल द्वारा उपलब्ध कराया गया। उक्त डाटा Hard Copy में Executive Summary के साथ एक सप्ताह के अंदर विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश निदेशक भू–गर्भ जल निदेशालय राँची को दिया गया।

**(अनुपालन–निदेशक, भू–गर्भ जल निदेशालय, राँची)**

5. दिनांक–26.06.2013 को Rainwater Harvesting एंव Ground Water Recharging विषय पर कार्यशाला में लिए गए निर्णय के आलोक में अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु अभियंता प्रमुख–II एंव निदेशक, भू–गर्भ जल निदेशालय को निदेश दिया गया।

**(अनुपालन– अभियंता प्रमुख–II, निदेशक, भू–गर्भ जल निदेशालय, राँची)**

6. निदेशक भू–गर्भ जल निदेशालय राँची द्वारा पदाधिकारियों की कमी के संबंध में बतलाया गया। संयुक्त सचिव (प्रबंधन) को यथाशीघ्र प्रतिनियुक्त/पदस्थापन से भू–गर्भ जल निदेशालय पदाधिकारियों की सेवा देने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–संयुक्त सचिव (प्र०))**

*निदेशः–Ground Water Directorate का कार्य अत्यन्त ही असंतोषजनक पाया गया है इसमें अभिलम्ब सुधार करने का निर्देश दिया गया।*

7. **झालको**

वितीय वर्ष 2001–02 से अब तक योजनावार अद्यतन प्रगति निम्नवत है।

| क्रम सं० | योजना का नाम | योजनाओं की संख्या | पूर्ण योजनाओं की संख्या | अपूर्ण योजनाओं की संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) | कूप निर्माण | | | | |
| (क) | 10 फीट व्यास | 2430 | 2283 | 147 | शेष 147 अदद् सिंचाई कूप दिसम्बर'13 तक पूर्ण करने का निर्देश। |
| (ख) | 12 फीट व्यास | 115 | 95 | 20 | शेष 20 अदद् सिंचाई कूप दिसम्बर'13 तक पूर्ण करने का निर्देश। |
| (ग) | 20 फीट व्यास | 737 | 736 | 1 | 1 अदद् कूप स्थगित। |
| (ii) | चेकडैम निर्माण | 114 | 88 | 26 | दिसम्बर'13 तक पूर्ण करने का निर्देश। |
| (iii) | तालाब निर्माण | 138 | 136 | 2 | मार्च'14 तक पूर्ण करने का निर्देश। |
| (iv) | आहर–तालाब का जीर्णोद्धार | 206 | 174 | 31 | मार्च'14 तक पूर्ण करने का निदेश। (1 अदद् योजना स्थगित करने का निदेश) |
| (v) | मध्यम सिंचाई योजना का निर्माण | 48 | 46 | 1 | 1 अदद् मध्यम सिचांई योजना स्थगित। |
| (vi) | माइक्रोलिफ्ट का निर्माण | 176 | 176 | | |
| (vii) | सिंचाई नाला | 1 | 1 | | |

झालको की पूर्ण योजनाओं का स्थल निरीक्षणोपरान्त समीक्षा करते हुए योजना का फोटोग्राफ के साथ, Utilized Potential Report विभाग को नवम्बर 2013 तक उपलब्ध कराने हेतु प्रबंध निदेशक, झालको को निदेश दिया गया।

9 झालको की पूर्ण योजनाएँ जिन्हें लाभूक समिति को हस्तानान्तरित कर दिया गया है उन योजनाओं से संबंधित लाभुक समिति के साथ योजना के रख–'रखाव एवं सिंचन क्षमता के सर्दभ में विर्मश कर योजनाओं की अद्ययतन स्थिति से नवम्बर 2013 तक विभाग को अवगत कराने का निदेश प्रबंध निदेशक झालको को दिया गया।

10 समीक्षा के दौरान निदेश दिया गया कि जिन लाभूको को कूप निर्माण हेतु अग्रिम राशि दी गई है और लाभूक कार्य नहीं कर रहें है उनसे राशि वसूली हेतु पूर्व में निदेश दिया गया था परन्तु अबतक वसुली की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अतः प्रबंध निदेशक झालकों को निदेश दिया जाता है कि नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वसूली की कार्रवाई की जाए। साथ ही साथ क्षेत्रीय प्रबंधक, राँची (झालको) एवं क्षेत्रीय प्रबंधक हजारीबाग (झालको) को निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र लम्बित कूप निर्माण योजना को पूर्ण करें अन्यथा इन पर दण्डात्मक कार्रवाई कर सूचना देने का निदेश प्रबंध निदेशक झालको को दिया गया।

11 प्रबन्ध प्रबंधक (झालको) राँची प्रेक्षात्राधीन लघु सिंचाई योजनाओं की अद्यतन स्थिति Excel Sheet में तैयार कर विभाग को 10 अक्टूबर तक उपलब्ध करानें हेतु प्रबंध निदेशक झालकों को निदेश दिया गया।

12 झालको के कार्यो का Annual Audit नवम्बर 2013 तक कराकर Annual Report प्रकाशित करने का निदेश प्रबन्ध निदेशक झालको को दिया गया।

13 प्रबंध निदेशक झालकों का निदेश दिया गया कि झालकों सिंचाई के क्षेत्र में निजी कम्पनीयों के माध्यम से नई तकनीक पर आधारित Project तैयार कर CSR के तहत् निधि प्राप्त कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कार्य करने हेतु कार्रवाई करेंगे।.

14 प्रबंध निदेशक, झालकों को कार्य में व्यय के उपरांत अवशेष राशि के उपयोग हेतु शीर्षवार/योजनावार प्रस्ताव विभाग को 10 अक्टूबर तक उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

अन्त में धन्यावाद पूवर्क बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

(आर०एस०तिग्गा)
अभियंता प्रमुख–II

ज्ञापांकः 721/ राँची, दिनांकः 17-10-13

प्रतिलिपिः प्रबंध निदेशक झालको/संयुक्त सचिव, (प्रबंधन)/निदेशक/उप–निदेशक, भू–गर्भ जल निदेशालय, राँची/अधीक्षण अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एंव आयोजन अंचल–3/अभियंता प्रमुख–II के निजी सहायक, जल संसाधन विभाग, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(आर०एस०तिग्गा)
अभियंता प्रमुख–II

ज्ञापांकः 721/ राँची, दिनांकः 17-10-13

प्रतिलिपिः विशेष सचिव के निजी सहायक/प्रधान सचिव के सचिव, जल संसाधन विभाग, राँची को सूचनार्थ समर्पित।

(आर०एस०तिग्गा)
अभियंता प्रमुख–II

प्रतिलिपि: बैंक मैनेजर, जल संसाधन विभाग, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.09.2013